लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटपूतली (जयपुर)

दिनांक :—28.06.2023

प्रवेश सूचना

शैक्षणिक सत्र 2023—24

आवश्यक दिशा—निर्देश

- महाविद्यालय में आवेदन केवल ऑन—लाइन मोड से होगे। ऑन—लाइन आवेदन की अंतिम तिथि 05 जुलाई 2023 है।
- ऑन—लाइन आवेदन के समय आवेदन पत्र को ध्यानपूर्वक भरे। शुल्क जमा कराने हेतु किसी भी कक्षा में विलम्ब शुल्क का प्रावधान नहीं है। यदि विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित तिथि तक मूल प्रमाण —पत्रों का सत्यापन नहीं कराया जाता है या शुल्क जमा नहीं कराया जाता है तो प्रवेश आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।
- प्रवेश सूची प्रकाशित होने के बाद मूल प्रमाण —पत्रों का सत्यापन महाविद्यालय में कराने के बाद ही ई —मित्र काउन्टर /नेट बैकिंग /क्रेडिट कार्ड द्वारा शुल्क जमा कराया जा सकेगा।
- इन्टरनेट की अंकतालिका से भी आवेदन किया जा सकता है। मूल अंकतालिका ,टी.सी.,चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापन के समय प्रस्तुत करने होगें।
- विद्यार्थियों को ऑन लाईन आवेदन करते समय निम्न दस्तावेज भी स्केन करने चाहिए : अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका ,टी.सी.,चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षण का लाभ लेने हेतु) बोनस अंक चाहने हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र।
- 10 वीं की अंकतालिका
- **ओ.बी.सी. /एस.बी.सी. /ईडब्ल्यूएस** संबंधी प्रमाण पत्र में क्रीमिलेयर नहीं होनें सम्बन्धी प्रमाण पत्र एक वर्ष के लिए ही मान्य होता है। एक बार में क्रीमिलेयर में नहीं होने का प्रमाण पत्र जारी होने के बाद यदि आगामी वर्षो में भी यह लाभ लेना हो तो अभ्यर्थी को स्व—प्रमाणित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसा अधिकतम तीन वर्ष तक किया जा सकता है। शपथ पत्र का प्रारूप बेव—पार्टल पर उपलब्ध है।
- यदि प्रवेश प्रक्रिया की उपर्युक्त तिथियों में राज्य सरकार /आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा कोई परिवर्तन किया जाता है तो उक्त परिवर्तन ही मान्य होगा।
- प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे बिना विलम्ब के निर्धारित तिथि में आवेदन करे, ऑन लाईन आवेदन पोर्टल एवं महाविद्यालय वेब पेज का नियमित अवलोकन करते रहे। ऑन लाईन आवेदन में किसी प्रकार की समस्या आने पर नोडल अधिकारी या महाविद्यालय स्तर पर गठित छात्र परामर्श समिति से सम्पर्क करें।

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
कोटपूतली